
# लोक कलाओं का संरक्षण के साथ प्रोत्साहन के प्रयास किए जायेंगे : कलेक्टर

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम पूगल क्षेत्र के दौरे पर रही। उन्होंने पूगल में विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया और 2 पीबी में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने 2 डीकेडी में सूफी और कबीर वाणी गायक मीर बसु बरकत खान के गीत और कबीर वाणी को सुना। उन्होंने इसकी सराहना की और कहा कि ऐसी लोक कलाओं का संरक्षण करने के साथ इनके प्रोत्साहन के प्रयास किए जायेंगे।



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पूगल और 2 पीबी में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।**

- **रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने 2 डीकेडी में सूफी और कबीर वाणी गायक मीर बसु बरकत खान के गीत और कबीर वाणी सुनी**
- **कलेक्टर ने पूगल में विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया और 2 पीबी में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी**

जिला कलेक्टर ने पूगल उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसील, पंचायत समिति एवं पुलिस थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण का त्वरित और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। कोई भी प्रकरण बेवजह लंबित नहीं रहे। फाइलों का उचित संधारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का नियम सम्मत निस्तारण हो। कार्मिक समय पर कार्यालय पहुंचे और कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाएं। उन्होंने विभिन्न पत्रावलियों का अवलोकन और शाखाओं का निरीक्षण किया।

पुलिस थाना निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस के कार्मिक अतिरिक्त संवेदनशीलता रखते हुए कार्य करें, जिससे आमजन को राहत मिले। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के समक्ष पानी, बिजली, सड़क, एनएफएसए, स्कूल और चिकित्सा से जुड़ी समस्याएं रखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इनके निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई का नियमित रूप से सुनवाई होती है

जिला कलेक्टर ने सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ प्रत्येक पात्र तक इनका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवादियों को बेवजह कार्यालयों के चक्कर नहीं निकलने पड़े। उन्होंने अधिकारियों को संपर्क पोर्टल के प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित करने और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने 2 डीकेडी में लोकगायक मीर बसु बरकत खान से मुलाकात की और सूफी गीत एवं कबीर वाणी के गायन सुने। बरकत खान ने साहिब लगदा प्यार (कबीर वाणी) और मेरा सोणा सजन घर आया (सूफी गीत) सहित अन्य गीत सुनाए। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने इनकी सराहना की और लोक गायन की इस परंपरा के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि जिले में अनेक लोक कलाकार हैं। इनके संरक्षण और प्रोत्साहन की दिशा में कार्य किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने मीर बसु को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने पूगल में लोक कलाकार अब्दुल जब्बार और मीर रज़ाक अली से भी लोक गीत सुने। इस दौरान लोकायन के गोपाल सिंह चौहान भी मौजूद थे।

**जनसुनवाई 19 को :** राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में 19 सितम्बर को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।

## ट्रॉली बैग के खिलाफ धरना

**बीकानेर,**(कासं)। ऑल इंडिया गार्ड कौंसिल के बैनर तले संरक्षित बॉक्स के स्थान पर ट्रॉली बैग के खिलाफ एक दिवसीय धरना गुरूवार को मंडल रेल प्रबधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर दिया।

धरने में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन बीकानेर मंडल सचिव कॉम. प्रमोद यादव ने पहुंच ट्रैन मैनेजर एवं लोको पायलट को उनकी मांगों को समर्थन देते हुए कहा कि बॉक्स के साथ पर ट्राली बैग के आदेश को रेल प्रशासन तुरंत वापस ले।

ट्रैन मैनेजर गार्ड एवं लोको पायलट को संरक्षित बॉक्स के स्थान पर ट्रॉली बैग के रेल प्रशासन के इस आदेश से रेल कर्मचारियों की सुरक्षा एवं स्वस्थ को खतरा होगा। हमारे रेल के ट्रैन मैनेजर व लोको पायलट को रेल प्रशासन द्वारा ट्रैन संचालन संबंधित उपकरणों लगभग 20 किलोग्राम के करीब को रखने हेतु बॉक्स दिया जाता है। जिसमें ट्रैन सचांलन के हल्के एवं भारी सुरक्षा एव सरक्षा डेटोनेटर विस्पोटक उपकरणों को रखा जाता है।

इस सभी को अब बॉक्स के साथ पर ट्रॉली बैग मे रखा जायेगे इसके अलावा कर्मचारी का निजी सामन भी उसे इस बैग के साथ स्वयं उठाकर रेलवे स्टेशन यार्ड साइडिंग मे लाइन के एक छोर से दूसरे छोर तक चलना असुविधजनक होगा तथा सुरक्षा को खतरा होगा। इस ट्रॉली बैग के विरोध में आल इंडिया रेलवे मैन्स फैडरेशन के महामंत्री कॉम. शिव गोपाल मिश्रा भी निरंतर रेलवे बोर्ड मे अपना विरोध दर्ज करवा रहे हैं। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री कॉम. मुकेश माथुर ने प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी को पत्र लिख एवं व्यक्तिगत मिल अपनी नाराजगी जाहिर की है।

## समिति ने दो हजार काले चश्में भेंट किए

**बीकानेर,**(कासं)। समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्था वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति द्वारा पिछले लगभग एक वर्ष से पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगियों के लिए अत्यन्त आवश्यक काले चश्मों की आपूर्ति का क्रम निरन्तर जारी है। इस क्रम में गुरूवार को समिति की प्रेरणा से बीकानेर पूर्व क्षेत्र की विधायक सिद्धि कुमारी की अनुशंसा पर महाराजा रायसिंह ट्रस्ट के सहयोग से वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. अनिल चौहान एवं स्टाफ को दो हजार काले चश्में सुपुर्द किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य भी उपस्थित थे। सेवा समिति के सदस्य विजय सिंह पडिहार ने बताया कि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, भामाशाहों एवं व्यक्तिगत सहयोग से पिछले लगभग एक वर्ष में समिति द्वारा कुल दस हजार तीन सौ काले चश्मे पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में भेंट किए जा चुके हैं। समिति के सदस्य मोहित राजपुरोहित और ज्ञानचंद यादव ने बताया कि भविष्य में भी नेत्र चिकित्सालय की आवश्यकता अनुसार काले चश्मों की आपूर्ति की जाती रहेगी। नेत्र चिकित्सक डॉ. अनिल चौहान ने समिति का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य और समिति सदस्य विजय सिंह पडिहार, मोहित राजपुरोहित, ज्ञानचंद यादव और मनीष आचार्य उपस्थित थे।

## 15 साल बाद होगा रामलीला का मंचन

**खाजूवाला,** (कासं)। खाजूवाला मंडी में इस बार वृंदावन के कलाकारों की ओर से रामलीला का मंचन किया जायेगा। इसको लेकर प्रबुद्धजनों और युवाओं की बैठक हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से खाजूवाला में फिर से रामलीला का मंचन करवाने को लेकर सहमति बनी और समिति का गठन कर सर्वसम्मति से महावीर शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। शर्मा ने बताया कि खाजूवाला में लगभग 15 वर्ष पूर्व रामलीला का मंचन होता था। देखने के लिए दूरदराज से लोग आते थे। स्व. विशम्बर, महावीर वैद्य, हरफूल सिंह, समुद्र सिंह, चुन्नीलाल चौधरी, श्याम राठी सहित गांव के प्रबुद्ध और बुजुर्ग व्यक्तियों द्वारा स्थानीय कलाकारों के सहयोग से ऐतिहासिक रामलीला का आयोजन किया जाता था। अब फिर से समिति का गठन कर श्री रामलीला का मंचन करवाया जायेगा।


**नोटिस वास्ते जाहिर करने की वजह**
(Civil procedure Code Appendix "H" Form No.4)

अदालत पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 बीकानेर बइजलास माननीय श्री बरकत अली RJHS गजेन्द्र सिंह रावत बनाम श्रीमती अंजु देवी वगैरा Family Miss. मुकदमा नम्बर51/2024 रजिस्ट्रेशन नं.56/2024 बनाम अजय कुमार कुम्हार वल्द राजकुमार जाति कुम्हार साकिन वार्ड नं.22 मस्जिद रोड खाजुवाला जिला बीकानेर क्योंकि प्रार्थी ने इस अदालत में पेश की है कि क्यों ने प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावे। लिहाजा आपकों इतला दी जाती है कि 15.10.2024 बरोज 10.30 AMबजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या वकालतन हाजिर होकर दरख्वास्त जाहिर करो वर्ना दरख्वास्त मजकुरा एक तरफा सुनी व फैसला की जायेगी।मेरे दस्तखत व मोहर के आज दिनांक 9.9.2024 को जारी किया गया

न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय सं.2
गोल मोहर बीकानेर

**नोटिस वास्ते जाहिर करने की वजह**
(Civil procedure Code Appendix "H" Form No.4)

अदालत पारिवारिक न्यायालय संख्या -2 बीकानेर बइजलास माननीय श्री बरकत अली RJHS गजेन्द्र सिंह रावत बनाम श्रीमती अंजु देवी वगैरा Family Main मुकदमा नम्बर 382/2024 रजिस्ट्रेशन नंबर 128/2024 बनाम श्रीमती अंजु देवीw/o गजेन्द्र सिंह D/O ध्यानसिंह C/O अजय कुमार कुम्हारS/O निवासी वार्ड नं. 22, मस्जिद रोड़ खाजूवाला जिला बीकानेर क्योंकि प्राथी ने इस अदालत में पेश की है कि क्यों ने प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावे।लिहाजा आपको इतला दी जाती है कि तारीख 15.10.2024 बरोज 10.30बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या वकालतन हाजिर होकर दरख्वास्त जाहिर करो वर्ना दरख्वास्त मजकुरा एक तरफा सुनी व फैसला की जायेगी। मेरे दस्तखत व मोहर के आज दिनांक 9.9.2024 को जारी किया गया।

न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय सं.-2
गोल मोहर बीकानेर

**नोटिस वास्ते जाहिर करने की वजह**
(Civil procedure Code Appendix "H" Form No.4)

अदालत पारिवारिक न्यायालय संख्या -2 बीकानेर बइजलास माननीय श्री बरकत अली RJHS गजेन्द्र सिंह रावत बनाम श्रीमती अंजु देवी वगैरा Family Main मुकदमा नम्बर 51/2024 रजिस्ट्रेशन नं.56/2024 बनाम श्रीमती अंजु देवीw/o गजेन्द्र सिंह D/O ध्यान सिंह C/O अजय कुमार कुम्हारS/O राज कुमार निवासी वार्ड नं.22 मस्जिद रोड खाजुवाला जिला बीकानेर क्योंकि प्रार्थी ने इस अदालत में पेश की है कि क्यों ने प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावे।
लिहाजा आपकों इतला दी जाती है कि तारीख 15.10.2024 बरोज 10.30बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या वकालतन हाजिर होकर दरख्वास्त जाहिर करो वर्ना दरख्वास्त मजकुरा एक तरफा सुनी व फैसला की जायेगी।मेरे दस्तखत व मोहर के आज दिनांक 9.9.2024 को जारी किया गया

न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय सं.-2
गोल मोहर बीकानेर

**नोटिस वास्ते जाहिर करने की वजह**
(Civil procedure Code Appendix "H" Form No.4)

अदालत परिवारिक न्यायलय संख्या -2 बीकानेर बइजलास माननीय श्री बरकत अली RJHS गजेन्द्र सिंह रावत बनाम श्रीमती अंजू देवी वगैरा Family Main मुकदमा नम्बर 382/24 रजिस्ट्रेशन नंबर128/24 बनाम नाम अजय कुमार कुम्हार वल्द राजकुमार जाति कुम्हार साकिन वार्ड नं.22, मस्जिद रोड खाजुवाला बीकानेर क्योंकि प्रार्थी ने इस अदालत में पेश की है कि क्यों ने प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरवाया जावे। लिहाजा आपको इतला दी जाती है कि तारीख 15.10.2024 बरोज 10.30बजे दिन के अदालत हाजा में असालतन या वकालतन हाजिर होकर दरख्वास्त जाहिर करो वर्ना दरख्वास्त मजकुमरा एक तरफा सुनी व फैसला की जायेगी।मेरे दस्तखत व मोहर के आज दिनांक 9.9.2024 को जारी किया गया।

न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय स.-2
गोल मोहर बीकानेर


# श्रमिकों के टेंडर अलग-अलग होने से बढ़ा गौशाला खर्च

- **सरकार अनुदान के रूप में प्रति पशु सिर्फ 45 रूपए देती है और अब खर्चा 60 रूपए प्रति पशु होने लगा, इसलिए 15 रूपए प्रति पशु का भार निगम पर आ गया**

**बीकानेर,**(कासं)। नगर निगम ने मूल टेंडर के साथ बदलाव कर खुद ही वित्तीय खर्चा बढ़ा लिया। 2022 तक 45 रूपए प्रति पशु टेंडर हुआ था जिसमें चारा और श्रमिकों का खर्चा शामिल था। लेकिन जून 2022 में चारा और श्रमिकों का खर्च अलग-अलग कर दिया गया। इससे अब प्रति पशु करीब 60 रूपए खर्च होने लगा। सरेह नथानियां गौशाला में मौजूद पशुओं पर सरकार 45 रूपए का अनुदान देती है। लेकिन अब खर्चा बढ़ने से 45 रूपए के ऊपर का वित्तीय भार निगम को झेलना पड़ रहा है।

दरअसल जून 2022 तक सिर्फ गौशाला पर निगम ने करीब 4.50 करोड़ रूपए खर्च किए हैं। राहत की बात है कि इसमें निगम पर वित्तीय भार नहीं आया। क्योंकि तब पशु के चारे और उसके श्रमिकों के वित्तीय भार का खर्च 45 रूपए प्रति पशु था। 2022 में तत्कालीन निगम आयुक्त ने इस टेंडर को लेकर एक संशोधित आदेश निकाला। उसमें उन्होंने चारे का काम तो पुरानी फर्म के पास ही रहने दिया लेकिन श्रमिकों का काम दूसरी फर्म को दे दिया। उसके बाद जो प्रति पशु खर्चा 45 रूपए आता था वो अब बढ़कर 60 रूपए हो गया।

सरकार अनुदान के रूप में प्रति पशु सिर्फ 45 रूपए देती है और अब खर्चा 60 रूपए प्रति पशु होने लगा इसलिए 15 रूपए प्रति पशु का भार निगम पर आ गया। उस निगम पर जिसके पास वार्डों को देने के लिए पैसे नहीं हैं। बीता पूरा वित्तीय वर्ष ऐसा निकला जिसमें पार्षदों को 40-40 लाख के काम प्रति वार्ड कराने का आश्वासन मिला था वो भी नहीं हुआ। इस साल तो वार्डों के काम सिर्फ वही कराएं जहां बीते चार सालों में कम काम हुए। समान राशि का बंटवारा जो बीते दो सालों में करने की कोशिश हुई थी वो इस साल नहीं हुई।

नगर निगम की गौशाला में पशुओं के मरने पर फिर सवाल उठने लगे हैं। बीते 6 महीने में 1278 पशु पकड़कर सरेह नथानिया गौशाला भेजे गए। चिंता की बात है कि इतने ही दिन में 1393 पशु मर गए। औसतन रोज 7 से 8 पशु मर रहे हैं।

## जागरण में गूंजे वीर तेजाजी के भजन

**खाजूवाला,** (कासं)। खाजूवाला उपखंड के गांव 30 केवाईडी स्थित वीर तेजाजी मंदिर में वीर तेजाजी महाराज का जागरण लगाया गया। जागरण में मुख्य कलाकार तुलछाराम एंड पार्टी जोधपुर ओर भामटसर नोखा से दिलीप रामावत, खाजूवाला से मुकेश गिला ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

जागरण में विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल बिरड़ा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मंदिर पुजारी रामेश्वर लाल गोदारा ने बताया कि जागरण और भंडारे का आयोजन किया गया। विधायक डॉ. विश्वनाथ ने 11 लाख रूपए और प्रधान ने 5 लाख 51 हजार रुपए से विकास कार्य करवाने की घोषणा की गई। लगातार 15 वीं वार खरनाल बस यात्रा भी 11 सितम्बर को मंदिर परिसर से रवाना हुई। ये यात्रा सुरसुरा, पनेर, पुष्कर, मेडता, जुंजाला ओर देशनोक आदि स्थलों पर जायेगी।

# पिस्टल देखते समय एच.एस. को लगी गोली

- **सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर ने जोधपुर के तस्कर से अवैध पिस्टल मंगाई**

**बीकानेर,**(कासं)। सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर ने जोधपुर के तस्कर से अवैध पिस्टल मंगाई। नोखा स्थित घर में तस्कर पिस्टल लेकर पहुंचा और उसे दिखाते समय गोली चल गई जो हिस्ट्रीशीटर को लगी। हिस्ट्रीशीटर ने झूठी कहानी बनाकर नकाबपोशों पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा कर जोधपुर के हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है।

एचएस चेतन तेजी ने पीबीएम अस्पताल में नोखा थाना पुलिस को पर्चा बयान दिया था कि बाइक पर सवार दो नकाबपोशों ने पांच सितम्बर की रात को राणाराव तालाब से स्वामियों के श्मशान की ओर जाने वाले रास्ते पर बाइक पर सवार दो नकाबपोशों ने पुरानी रंजिश के कारण उस पर फायरिंग की। एक गोली उसके पेट में लगी। पुलिस ने मामले की छानबीन की कहानी झूठी निकली।

सामने आया कि तेजी को रामदेवरा मेले में जाना था। इसके लिए उसने जोधपुर के तस्कर मनीष भाटी से अवैध पिस्टल मंगाई। मनीष पिस्टल लेकर नोखा में तेजी के घर पहुंचा। घर में ही पिस्टल दिखाने के दौरान उससे गोली चल गई और तेजी के पेट में लगी। इसे जानलेवा हमले का रूप से देने के लिए झूठी कहानी रचकर पुलिस को रिपोर्ट दी। एएसपी ग्रामीण डॉ. प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि तस्कर मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया जायेगा। इसके अलावा चेतन तेजी की भी गिरफ्तारी होगी। अभी वह अस्पताल में भर्ती है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 03.10.2024 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** 107, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/भिवानी, बीकानेर के नियंत्रण में बैलास्ट डिपो भिवानी खेड़ा में आरडीएसओ ट्रैक बैलास्ट स्पेशिफिकेशन आइएस/आरडीएओ-जी.ई./001:2023 फरवरी 2023 के अनुसार 65 मिमी गेज मशीन द्वारा तोड़ी गयी रोड़ी 45000 धनमीटर रोड़ी की सप्लाई करना और उसकी रेलवे वैगनस/ होपरस में लदाई का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 50180850.00/- **धरोहर राशि:** ₹ 400900.00/- **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 1062-DK/24

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें


# साइक्लोनिक असर, श्रीगंगानगर में बूंदाबांदी

- **पंजाब और हरियाणा में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पंजाब-हरियाणा में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से श्रीगंगानगर में करीब पांच मिनट तक बूंदाबांदी हुई। इससे सड़कें भीग गई। सड़कों पर निकले लोगों को कुछ मिनट के लिए आसपास की दुकानों के आगे शरण लेनी पड़ी।

पंजाब और हरियाणा में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन को श्रीगंगानगर इलाके में चली हवा का सपोर्ट मिला और यह बूंदाबांदी में बदल गई। अगले चौबीस घंटे में भी जिले के कुछ इलाकों में मामूली बरसात हो सकती है। इलाके में गुरूवार सुबह से तेज गर्मी थी। वहीं शाम चार बजे के आसपास बादल छा गए। शहर के पंजाब रोड और इसके आसपास के इलाके में बादलों का असर नजर आया जो कुछ ही देर में बूंदाबांदी में बदल गया। इससे शहर की सड़कें भीगीं और आने-जाने वालों को परेशानी आई। बूंदाबांदी इतनी की कम थी कि यह मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं ला पाई। मौसम में अब भी गर्मी का असर बना हुआ है। एक्सपर्ट्स के अनुसार अगले 24 घंटे में मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं आयेगा। इस दौरान कुछ जगहों पर हलकी बरसात हो सकती है।

## मारपीट कर बाइक छीनी

**महाजन,** (कासं)। महाजन से घेसूरा मार्ग पर एक बाइक सवार युवक का रास्ता रोककर मारपीट कर बाइक छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है।

घेसूरा निवासी कन्हैयालाल छींपा ने बताया कि वह अपनी बाइक से महाजन से गांव जा रहा था। महाजन से निकलने के बाद रास्ते में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने हाथ का इशारा कर रूकने का आग्रह किया। बाइक सवार रूका तो उन्होंने लाठी से उसके साथ मारपीट की और बाइक लेकर फरार हो गए। उसने अपने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस देर रात तक बाइक लुटरों की तलाश में जुटी रही। इस संबंध में खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ। वहीं पीड़ित युवक के परिजन भी मौके पर पहुंचे।

# इंदों का बाला में होगा बजरी-क्ले और सिलिका का खनन

- **भू वैज्ञानिकों ने 80 हेक्टेयर में किया सर्वे**
- **भू वैज्ञानिक प्लॉट वाइज खनिज के उपलब्धता के बारे में रिपोर्ट तैयार कर एमई को देंगे**

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के कोलायत तहसील के इंदों का बाला में बजरी-क्ले खनन की तैयारी की जा रही है। खान विभाग रिपोर्ट तैयार कर प्लॉट ऑक्शन करेगा।

कोलायत में किशनायतबुद्वान के बाद अब इंदों का बाला में भी बजरी, क्ले, सिलिका सैंड का खनन किया जायेगा। भू वैज्ञानिकों ने इंदों का बाला में सर्वे किया जहां खनिज की उपलब्धता पाई गई है। भू वैज्ञानिकों ने करीब 80 हेक्टेयर एरिया में सर्वे किया और 40 से 50 हेक्टेयर में खनिज मिला। इसकी रिपोर्ट खनि अभियंता को भेजी गई है। वहां से अब मौका निरीक्षण कर पटवारी से जमीन के बारे में पूरी जानकारी ली गई है। उसके बाद डिमार्केशन कर लिया गया है। अब प्लॉट तय कर भू वैज्ञानिकों को भेजा जायेगा।

भू वैज्ञानिक प्लॉट वाइज खनिज के उपलब्धता के बारे में रिपोर्ट तैयार कर एमई को देंगे। उसके बाद एमई की ओर से प्लॅटिंग की जानकारी खान निदेशालय को भेजी जायेगी और वहां से प्लॉट ऑक्शन किए जायेंगे। अनुमान है कि चार-चार हेक्टेयर के आठ से दस प्लॉट ऑक्शन किए जायेंगे। इससे खनन को बढ़ावा मिलेगा, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लोगों को रोजगार मिलेगा। खनिज की डिमांड पूरी होगी और सरकार को राजस्व मिलेगा।

कोलायत के किशनायतबुद्वान में खान विभाग ने 13 प्लॉट चिन्हित कर ऑक्शन प्रक्रिया शुरू की है। अब तक सात प्लॉट ऑक्शन किए जा चुके हैं और इससे करीब पौने तीन करोड़ रूपए का राजस्व मिला है। अभी छह प्लॉट ऑक्शन होना बाकी है।


**आम सूचना**

मैं अपने अभिभाष्य रवि कुमार पुत्र सोहनलाल जाति अग्रवाल निवासीवार्ड नं.4, जामसर, बीकानेर(राज.) की ओर से सर्वसाधारण को यह आम/खास सूचना प्रकाशित करवाता हूँ कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र दीपेश अग्रवाल पुत्र रवि कुमार व पुत्रवधू साक्षी पत्नी दीपेश अग्रवाल कहने में नहीं है व अपनी मनमानी करते हैं तथा मेरे अभिभाष्य तथा उसके परिवारजनों के साथ लड़ाई-झगड़ा करते है तथा मेरे अभिभाष्य की देखभाल नहीं करते हैं इसलिए मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र दीपेश व पुत्रवधू साक्षी को अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे अभिभाष्यगण व उसके परिवारजनों का पुत्र दीपेश व पुत्रवधू साक्षी के साथ कोई लेना-देना नहीं है। जो कोई भी उनसे लेन-देन अथवा संव्यवहार रखेगा, उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी, मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजनों की नहीं होगी।

दिनांक-12.9.2024 भवदीय
मनीष गौड(एडवोकेट)


# डिप्टी सी.एम.एच.ओ. ने डेंगू पॉजिटिव के घरों का किया निरीक्षण

**बीकानेर,**(कासं)।डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता ने श्रीडूंगरगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिग्गा के क्षेत्र में आने वाले ग्राम जैसलसर तथा सतलेड़ा में डेंगू पॉजिटिव आये व्यक्तियों के घरों का निरीक्षण किया तथा वहां हुई कार्यवाही को क्रॉसचैक किया।

ब्लॉक सीएमओ डॉ राजीव सोनी तथा आईडीएसपी प्रभारी डॉ उमाशंकर यादव सहित मरीज के घर जाकर उनका हाल जाना।

शीघ्र स्वास्थ्य हेतु आवश्यक जानकारी दी तथा घर में पूरे घर में मच्छर व लार्वा को नष्ट किया। दोनों ही मरीज लगभग स्वस्थ मिले। जैसलसर में डेंगू पॉजीटिव मरीज के घर के बाहर रखे पानी के ड्रम में लार्वा मिलने पर डॉ गुप्ता ने नाराजगी जताई। मौके पर बिग्गा पीएचसी प्रभारी डॉ दीपिका को बुलाया और मरीज के घर तथा आसपास के 50 घरों में सर्वे तथा एंटी लार्वा गतिविधियों को पुनः गुणवत्तापूर्ण तरीके से करवाने के निर्देश दिए। टीम ने उप जिला अस्पताल श्रीडूंगरगढ़ में ओपीडी के दौरान बुखार मरीजों के चिन्हीकरण तथा जांच गतिविधियों को देखा।



**डिप्टी सी.एम.एच.ओ. डॉ. लोकेश गुप्ता ने श्रीडूंगरगढ़ के जैसलसर में डेंगू पॉजीटिव मरीज के घर के बाहर रखे पानी के ड्रम में लार्वा मिलने पर नाराजगी जताई।**

- **मरीज के घर तथा आसपास के 50 घरों में सर्वे तथा एंटी लार्वा गतिविधियां दुबारा करने के निर्देश दिए**

उन्होंने जांच के दौरान डेंगू, मलेरिया पॉजीटिव पाये गए मरीजों की सूचना तत्काल ब्लॉक सीएमओ तथा संबंधित पीएचसी सीएचसी को देने के निर्देश अस्पताल प्रभारी डॉ. एस. के. बिहानी तथा डॉ ओमप्रकाश को दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि डेंगू अथवा मलेरिया पॉजिटिव आये प्रत्येक मरीज के घर तथा आसपास के 50 घरों में स्वास्थ्य कर्मियों तथा डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स द्वारा सघन सर्वे, एंटी एडल्ट व एंटी लार्वा गतिविधियां की जा रही है।

## माहेश्वरी सभा का गठन

**बीकानेर,**(कासं)। कोलायत तहसील माहेश्वरी सभा के प्रथम गठन के अवसर पर विभिन्न गांवों के गणमान्य समाज बंधुओं ने कोलायत में दम्माणी धर्मशाला के पास हुई बैठक में हिस्सा लिया।

अनेक समाज बंधुओं ने इस अवसर पर समाज को एकजुट करने व माहेश्वरी समाज द्वारा समाजोत्थान के लिये चलाई जा रही योजनाओं को सभी बंधुओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से कोलायत तहसील माहेश्वरी सभा का नवगठन किया।

इस बैठक में प्रभुदयाल मूंधड़ा कोलायत को अध्यक्ष, भागीरथ बागड़ी, झझु को उपाध्यक्ष, राधाकिशन राठी गजनेर को सचिव, अर्पित मूंधड़ा अक्कासर को संगठन सचिव व विष्णु रतन राठी बज्जू को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक गोपी किशन पेड़ीवाल व अश्विनी पच्चीसीया ने पूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-जिप्सम, 02, गाँधी नगर, स्कीम, बीकानेर- 334001
फोन नं. : 0151-2200171-75, फैक्स : 0151-2523519/2202842

दिनांक :- 12/09/2024

**निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आरएसएमएम/जिप/निविदा- 04/(29)/2024-331, दिनांक 09.09.2024 यूबीएन नं. MML2425SSOB00119 | आर. एस. एम. एम.एल.ए एस.बी. यू. एण्ड पी.सी.(जिप्सम), बीकानेर कार्यालय भवन में कैन्टीन संचालन कार्य हेतु । अनुबन्ध राशि रू.- 04.00/- लाख, निविदा शुल्क रू. 590/- |

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसइट www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in और अथवा वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एंव प्रशासन) बीकानेर से सम्पर्क कर सकते है।

राज.संवाद/सी/24/5211 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**Multifunction Photocopy Machine Color and Black & White की खुली प्रतियोगी बोली आमंत्रण सूचना**

**(खुली प्रतियोगी बोली आमंत्रण सूचना सं. 02/2024-25 (क्रमांक 40 दिनांक 10.09.2024))**

इस विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय में Multifunction Photocopy Machine Color and Black & White की आपूर्ती हेतु दो कवर बिड (तकनीकी व वित्तीय बिड) से ऑनलाइन ई-बोली आंमत्रित की जाती है, जिसमें पंजिकृत फर्मो द्वारा दिनांक 11/09/2024 से 21.09.2024 को प्रात: 11.30 बजे तक बोली प्रपत्र डाउनलोड कर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय में जमा करना है। UBN : VAU2425GSOB00068 का विस्तृत विवरण स्टेट पोर्टल की वेबसाईट htttp//sppp.raj.nic.in विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध है।

आहरण एवं वितरण अधिकारी,
विश्वविद्यालय प्रशासनिक कार्यालय, राजुवास बीकानेर।

राज.संवाद/सी/24/5150